आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा –भारत को विश्व के समक्ष मेड इन इंडिया और मेड फोर द वर्ल्ड की भावना के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अनूठा मॉडल प्रस्तुत करना चाहिए।
- भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।
- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण और मत्स्य पालन विभाग की ओर से सतत मत्स्य पालन प्रथा पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- "विवेकानंद मेले" को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय ने श्री विजयपुरम और शहीद द्वीप के बीच अतिरिक्त फेरी सेवा शुरू की है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत को 'मेड इन इंडिया' और 'मेड फॉर द वर्ल्ड' की भावना को दर्शाते हुए विश्व के सामने एक अनूठा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी मॉडल प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने नैतिक, निष्पक्ष, पारदर्शी और डेटा गोपनीयता सिद्धांतों पर आधारित भारतीय एआई मॉडल विकसित करने पर बल दिया। श्री मोदी ने कल नई दिल्ली में भारतीय एआई स्टार्टअप्स के साथ एक सम्मेलन की अध्यक्षता की। अगले महीने देश में आयोजित होने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले, एआई फॉर ऑलः ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज के लिए अर्हता हासिल करने वाले 12 भारतीय एआई स्टार्टअप्स ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

<><><><><><><>

सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार योजना शुरू करेंगे। श्री गडकरी ने कल नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों और परिवहन विकास परिषद की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

श्री गडकरी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कम से कम सात दिन के लिए एक लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार मिलेगा। सड़क दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने में मदद करने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी पायलट परियोजना हाल ही में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई है।

<><><><><><><>

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 21 से 23 जनवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाला यह सम्मेलन चुनाव प्रबंधन और लोकतंत्र के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित अब तक का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन होगा। इस संबंध में हाल ही में नई दिल्ली स्थित IIIDEM में मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का एक सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्तं डॉ. सुखबीर सिंह संधु तथा डॉ. विवेक जोशी ने इस कार्यक्रम को संबोधित किया। आयोजित होने वाले सम्मेलन में दुनिया भर के निर्वाचन प्रबंधन निकायों के लगभग 100 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस आयोजन के दौरान 40 से अधिक द्विपक्षीय बैठकें और 36 ब्रेकआउट सत्र होंगें। कुल 36 विषयगत समूह बनाए गए हैं, जिनका नेतृत्व राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ करेंगे। ये समूह चुनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन का विषय "एक समावेशी, शांतिपूर्ण, लचीली और टिकाऊ दुनिया के लिए लोकतंत्र" है। सत्र के दौरान EMB लीडर्स प्लनरी, कार्य समूह की बैठकें, ECINet का आधिकारिक लॉन्च और अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद श्री बिष्णु पद रे ने मध्य अंडमान में स्वास्थ्य आवश्यकताओं को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रंगत में ब्लड बैंक की सुविधा स्थापित करने की मांग की है। सांसद ने उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी को प्त्र लिखकर रंगत में तत्काल ब्लड बैंक की सुविधा शुरू करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ब्लड बैंक न होने के कारण प्रसूति के मामलों, डायलिसिस रोगियों, एनीमिया और दुर्घटना पीड़ितों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और उन्हें जी बी पंत अस्पताल पर निर्भर रहना पड़ता है।

सांसद ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंगत एक रेफरल स्वास्थ्य केंद्र है, इसलिए यहाँ ब्लड बैंक का होना अनिवार्य है। सांसद ने मरीजों और आम जनता के व्यापक हित में इस मुद्दे को शीर्ष प्राथमिकता देने की अपील की है।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण और मत्स्य पालन विभाग की ओर से मरीन हिल स्थित मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र में क्षमता निर्माण कार्यक्रम "सतत मत्स्य पालन प्रथाएं: अंडमान–निकोबार द्वीप समूह में संरक्षण और आजीविका के बीच संतुलन" का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मत्स्य पालन और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के लिए कई तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गई। मत्स्य पालन निदेशक जगताप कल्याणी राजेंद्र ने जिम्मेदार मत्स्य पालन के लिए आचार संहिता का पालन, इको–लेबलिंग और समुद्री संरक्षित क्षेत्र, कानूनी और संरक्षण पहलू, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और अंडमान की समृद्ध मछली विविधता और लुप्तप्राय समुद्री जीवों के बारे में जानकारी दी। मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. सी. बाबू और AFDO नेस्नास ई.ए. ने 2025 के नए दिशा–निर्देशों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में पांडिचेरी विश्वविद्यालय, ब्रुक्शाबाद के समुद्री जीव विज्ञान विभाग के छात्रों और मछुआरा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। 24 जनवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम में द्वीपसमूह के विभिन्न 'फिश लैंडिंग सेंटर्स' और मध्य एवं दक्षिण अंडमान के 7 प्रमुख स्थानों पर मछुआरा समुदाय, आम जनता और कॉलेज विद्यार्थियों के लिए सत्र का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलबधि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम शहरी परिदृश्य को बदलने में आवास और ढांचागत संबंधी पहल एक नजर डालेंगे।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप में आयोजित होने वाले "विवेकानंद मेला" को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय ने यात्रियों की सुविधा के लिए श्री विजयपुरम और शहीद द्वीप के बीच 12 से 19 जनवरी तक अतिरिक्त फेरी सेवा शुरू कर रही है। इस दौरान जलयान दोपहर बाद एक बजे शहीद द्वीप के लिए रवाना होगा और शाम तीन बजे श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा।

इन विशेष फेरी सेवाओं के लिए टिकट आज से जारी किए जाएंगे। यात्री विभाग की ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से भी टिकट बुक कर सकते हैं। मोबाइल पर टिकट बुक करने के लिए विभाग के क्यूआर कोड को स्कैन किया जा सकता है। टिकटिंग काउंटर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक खुला रहेगा।

<><><><><><><>

IndiaSkills प्रतियोगिता के लिए SIDH पोर्टल पर पंजीकृत सभी उम्मीदवारों को प्री–स्क्रीनिंग टेस्ट में भाग लेने को कहा गया है। परीक्षा 12 जनवरी सुबह 10 बजे से आई टी आई, डॉलीगंज, बकुलतला और अरोंग में आयोजित की जाएगी। प्री–स्क्रीनिंग टेस्ट में उतीर्ण उम्मीदवार केन्द्रशासित प्रदेश स्तर की IndiaSkills प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र होंगे। सभी पंजीकृत प्रतियोगियों से निर्धारित समय पर अपने संबंधित केंद्रों पर पहुँचने को कहा गया है।

<><><><><><><>